बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 70 / 2022

औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले छात्र, छात्रा, अभिभावक एवं सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य हेतु आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा बिहार राज्य अंतर्गत भारत सरकार NCVT एवं बिहार सरकार SCVT से मान्यता प्राप्त सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान एवं सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार के पत्रांक–स०स०–टी–2 / नामां–05 / 2016–2663, दिनांक 28.11.2018 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों की बारहवीं के समकक्ष मान्यता प्राप्त करने के लिए **औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) परीक्षा, 2022** में सम्मिलित होने हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (I.T.I.) में प्रथम वर्ष उत्तीर्ण एवं द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत अथवा औद्योगिक प्रशिक्षण परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र एवं ऑनलाईन परीक्षा शुल्क आमंत्रित किये जाते हैं, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

इस परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रशिक्षणार्थियों की अर्हता :–

1. कक्षा 10वीं उत्तीर्ण हों । बिहार राज्य के अन्तर्गत भारत सरकार **(NCVT)** एवं बिहार सरकार **(SCVT)** से मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से उत्तीर्ण अथवा प्रथम वर्ष उत्तीर्ण एवं द्वितीय वर्ष अध्ययनरत अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

2.1 संबंधित संस्थान के प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** से परीक्षा आवेदन पत्र डाउनलोड कर सभी अभ्यर्थियों को उपलब्ध करायेंगे।

2.2 अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र को प्राप्त कर अभ्यर्थियों द्वारा अंकित की गयी विवरणी को संस्थान के अभिलेख से जांच करने के पश्चात् संबंधित संस्थान के प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य समिति की वेबसाइट **http://secondary.biharboardonline.com** पर समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से Login कर दिनांक **18 / 04 / 2022 से 05 / 05 / 2022** तक शुद्ध–शुद्ध परीक्षा आवेदन पत्र भरना एवं परीक्षा शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

2.3 ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र में अभ्यर्थी का फोटो (4.5cm×3.5cm) एवं हस्ताक्षर स्कैन कर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य द्वारा समिति के पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।

2.4 त्रुटिपूर्ण अथवा अपूर्ण भरे गये परीक्षा आवेदन–पत्र को स्वीकार नहीं किया जायेगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदेही संबंधित संस्थान के प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य की होगी तथा **समिति स्तर से इसमें कोई सुधार नहीं किया जायेगा।**

2.5 किसी भी परिस्थिति में ऑनलाईन माध्यम के अलावा किसी अन्य माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

3. **ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया निम्नवत् है :–**

Step-1 Click on → **http://secondary.biharboardonline.com**
Step-2 Click on → Industrial Training Higher Secondary Level Language (Hindi & English) Examination 2022 District Name, Institution Name & Code
Step-3 Click on → User ID & Password
Step-4 Click on → Login
Step-5 Click on → Online Application Form Fill up
Step-6 Click on → Submit the Application Form
Step-7 Click on → Payment Gateway.

4. परीक्षा शुल्क का विवरण :–

(i) सामान्य श्रेणी (UR), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS), पिछड़ा वर्ग (BC) के छात्र–छात्राओं के लिए देय शुल्क – **₹1170 / –**

(ii) अनुसूचित जाति (SC) / अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC) वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए देय शुल्क – **₹945 / –**

5. परीक्षा शुल्क का भुगतान :– परीक्षा शुल्क का भुगतान Axis Bank में संचालित **समिति के खाता संख्या 921010031892141** में निम्नलिखित विकल्पों यथा– Debit Card/Credit Card/Net Banking/ RTGS/NEFT के माध्यम से किया जा सकता है। परीक्षा शुल्क ऑनलाईन भुगतान के पश्चात् 24 घंटे के अंदर अपने बैंक खाता से राशि की निकासी हुई या नहीं इसकी जांच कर स्वयं संतुष्ट हो लें। **खाता से राशि की निकासी के पश्चात् समिति के खाता में परीक्षा शुल्क की राशि नहीं जमा होने की स्थिति में संबंधित आवेदन को अपूर्ण मानते हुए स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

6. उक्त परीक्षा दो विषय (हिन्दी एवं अंग्रेजी) की होगी तथा दो पाली में आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली में हिन्दी विषय (100 अंक) एवं द्वितीय पाली में अंग्रेजी विषय (100 अंक) की परीक्षा होगी। दोनों विषयों (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में 50 अंक के वस्तुनिष्ठ प्रश्न एवं 50 अंक के विषयनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रश्न OMR उत्तर पत्रक एवं विषयनिष्ठ (Subjective) प्रश्न उत्तरपुस्तिका पर ली जाएंगे। अभ्यर्थियों को उत्तीर्णता हेतु दोनों विषयों में अलग–अलग 30–30 अंक प्राप्त किया जाना आवश्यक है।

7. उक्त परीक्षा में इन्टरमीडिएट स्तर के पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्न पूछे जायेंगे।

8. इस परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार की सूचना, सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि से 90 दिन तक ही प्राप्त किया जा सकेगा।

9. उक्त परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार के विवाद का मामला केवल उच्च न्यायालय, पटना के क्षेत्राधिकार में होगा।

10. उक्त परीक्षा से संबंधित पृच्छा के लिए **हेल्पलाईन नंबर– 0612–2230051, 2232227** पर संपर्क कर सकते हैं अथवा ई–मेल आई0डी0 : **bsebsehelpdesk@gmail.com** पर मेल सूचित कर परीक्षा आवेदन भरने से संबंधित समस्या का निराकरण किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)